भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

17.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4007 का उत्तर

थावे से नई रेलगाड़ी

4007. डॉ॰ आलोक कुमार सुमनः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने लगभग 25 लाख आबादी की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए थावे-गोपालगंज से नई दिल्ली के बीच एक नई सुपरफास्ट रेलगाड़ी शुरू करने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या थावे जंक्शन से नई दिल्ली के बीच साप्ताहिक रेलगाड़ी एक ही रेल पटरी होने के कारण बंद हो गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार गाड़ी का मार्ग बदलकर इसे सिवान-थावे-नई दिल्ली मार्ग पर चलाने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): थावे/गोपालगंज में अवसंरचनात्मक सुविधाओं की अनुपलब्धता के कारण वहां से लम्बी दूरी की गाड़ियां चलाना प्रतिबंधित है। अतः, इस समय, थावे से दिल्ली तक गाड़ी प्रारंभ करना परिचालनिक रूप से व्यवहार्य नहीं है।

(ग): व्यस्त अवधि/त्योहार के मौसम आदि के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, भारतीय रेलें परिचालनिक व्यवहार्यता के अध्यधीन, विशेष तौर पर व्यस्त अवधियों के लिए विशेष गाड़ियां संचालित करती हैं। तदनुसार, एक साप्ताहिक विशेष गाड़ी यथा 05115/05116 छपरा-आनंद विहार (ट.) को 01.04.2018 से 25.06.2018 तक चलाया गया था।

(घ): जी नहीं। इस समय, सिवान-थावे मार्ग के रास्ते गाड़ियों का मार्ग परिवर्तित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

******

Sk